Building Better Tomorrow

# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

राजापुर पुल, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना– 800001


## कार्यालय आदेश

सं0–ब्रुडको/विविध–453/2022/57 दिनांक 17/5/22 /

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको) मुख्यालय में आगामी मौनसून /जल–जमाव हेतु एक Media Cell का गठन निम्न प्रकार से किया जाता है–

1. श्रीमति रूचिका प्रकाश कालरा, कंपनी सचिव, बुडको।
2. श्री राणाचंद्र कमल, सहायक अभियंता, बुडको।
3. श्री कुमार विवेक, प्रबंधक (सू0त0), बुडको।
4. श्री प्रदीप कुमार, कार्यालय कार्यपालक, बुडको।
5. श्रीमति श्वेता सागर, ऑफिस हेल्पर, बुडको।
6. श्री मोनू कुमार, आई0 टी0 ब्वॉय (बेल्ट्रॉन), बुडको।

उक्त Media Cell निम्नवत् कार्य करेगी–

| | |
|---|---|
| 1) | ➢ श्री प्रदीप कुमार, कार्यालय कार्यपालक प्रति कार्य दिवस सभी समाचार पत्रों/अखबारो (हिंदी एवं अंग्रेजी) मे प्रकाशित मौनसून/जल–जमाव से संबंधित समाचारों का संधारण तथा संग्रहण करेंगे। इस कार्य में श्रीमती श्वेता सागर, ऑफिस हेल्पर एवं श्री मोनू कुमार, आई0 टी0 ब्वॉय द्वारा सहयोग किया जायेगा।<br>➢ श्री कुमार विवेक, प्रबंधक (सूचना तकनीकी) बुडको के सभी Social Media Accounts यथा– Twitter, Facebook एवं Website पर मौनसून/जल–जमाव से संबंधित समाचारों का प्रिंट निकालकर श्री प्रदीप कुमार, कार्यालय कार्यपालक को देंगे।<br>➢ श्री प्रदीप कुमार, कार्यालय कार्यपालक समाचार पत्रों एवं Social Media Accounts से प्राप्त सभी समाचारों का एक समेकित प्रतिवेदन तैयार कर प्रबंधक (सूचना तकनीकी) को उपस्थापित करेंगे। प्रबंधक (सूचना तकनीकी) द्वारा उक्त प्रतिवेदन की जाँच करते हुए कंपनी सचिव के समक्ष उपस्थापित किया जायेगा।<br>➢ कंपनी सचिव द्वारा श्री राणा चन्द्र कमल, सहायक अभियंता से समन्वय स्थापित कर प्रतिवेदन में रक्षित समाचारों के क्षेत्राधिकारी को चिन्हित किया जायेगा एवं प्रबंध निदेशक, बुडको के समक्ष प्रतिवेदन को उपस्थापित किया जायेगा। |
| 2) | ➢ श्री कुमार विवेक, प्रबंधक (सूचना तकनीकी) बुडको के सभी Social Media Accounts यथा– Twitter, Facebook एवं Website का संचालन करेंगे एवं बुडको में मौनसून/जल–जमाव से संबंधित गतिविधियों का समाचार एवं Photos को इन Social Media Accounts पर Post करेंगे तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से समन्वय स्थापित कर ससमय समाचार पत्रों में प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगे। |

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

ह0/–
प्रबंध निदेशक,
बुडको, पटना

ज्ञापांक–1390/ दिनांक–17/5/22/

**प्रतिलिपिः** सभी मुख्य अभियंता/महाप्रबंधक (प्रशासन)/ महाप्रबंधक (वित्त), बुडको को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : प्रबंध निदेशक कोषांग, बुडको को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक,
बुडको, पटना